HD-04

June - Examination 2026
B.A. (Part-II) Examination
HINDI LITERATURE
हिन्दी साहित्य का इतिहास
Paper : HD-04

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **70***]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **7×2=14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(i) आदिकाल को 'चारण काल' किसने कहा है?

(ii) किन्हीं तीन रासों ग्रन्थों के नाम लिखिए।

(iii) 'अष्टछाप' की स्थापना किसने की? अष्टछाप के कवियों के नाम लिखिए।

(iv) 'रीतिकाल' को श्रृंगार काल किसने नाम दिया?

(v) 'प्रयोगवाद' का प्रवर्तक किसे माना जाता है? किन्हीं दो प्रयोगवादी कवियों के नाम लिखिए।

(vi) जैनेन्द्र के दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(vii) हिन्दी आलोचना के प्रकार बताइए।

खण्ड–'ब' 4×7=28

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **7** अंक का है।

2. सिद्ध, नाथ और जैन साहित्य आदिकाल का प्रमुख साहित्य है। इस कथन के आधार पर सिद्ध, नाथ और जैन साहित्य का परिचय दीजिए।
3. कृष्ण भक्ति काव्य की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
4. रीतिमुक्त काव्य धारा के कवियों का उल्लेख करते हुए रीतिमुक्त काव्य की विशेषतायें लिखिए।
5. द्विवेदी युगीन काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।
6. नयी कविता की सामान्य प्रवृत्तियों की सोदाहरण विवेचना कीजिए।
7. कहानी एवं उपन्यास में अंतर रेखांकित कीजिए।
8. उपन्यास के तत्वों पर प्रकाश डालिए।
9. जयशंकर प्रसाद की नाट्यकला पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

खण्ड–'स' 2×14=28

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **14** अंक का है।

10. छायावाद को परिभाषित करते हुए छायावादी काव्य की प्रमुख विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।
11. ''गोस्वामी तुलसीदास का काव्य समन्वय की विराट चेष्टा है''। इस कथन के परिप्रेक्ष्य में तुलसीदास की समन्वय भावना पर प्रकाश डालिए।
12. हिन्दी निबन्ध का स्वर्ण युग 'शुल्क युग' है। इस कथन के आधार पर हिन्दी निबन्ध के विकास में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के योगदान को रेखांकित कीजिए।
13. निम्नलिखित में किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए।
    (क) समान्तर कहानी।
    (ख) हिन्दी एकांकी और एकांकीकार।
    (ग) आँचलिक उपन्यास एवं उपन्यासकार।
    (घ) प्रेमचन्द्र के उपन्यास।
